अजीत समाचार 09/05/2024

प्रतियोगिता में भाग लेते हुए छात्र-छात्राएं।

जीएमएन कालेज में विश्व रैडक्रास दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

अम्बाला कैंट, 8 मई (अग्रवाल): गांधी मैमोरियल नेशनल कालेज अम्बाला छावनी के प्रांगण में प्रधानाचार्य डॉ. रोहित दत्त की अध्यक्षता में विश्व रैडक्रास दिवस के अवसर पर कालेज में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य, प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से शपथ ग्रहण कर किया। इसके उपरांत कालेज प्रांगण में पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. रोहित दत्त ने अपने विचारों को सांझा करते हुए कहा कि आज का दिन एक विशेष महत्व का दिन है, क्योंकि इस दिन ही यूथ रैडक्रास की विश्व में स्थापना हुई थी। प्रधानाचार्य ने यूथ रैडक्रास के इतिहास से विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए कहा कि मानव का सबसे बड़ा धर्म दूसरे व्यक्तियों की सेवा करना और सहयोग प्रदान करना है। इसलिए हम सभी का यह परम कर्तव्य है कि हम इस पावन कार्य में बढ़-चढ़कर भाग ले और साथ ही अन्य लोगों को भी इस सहयोगात्मक भावना के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि हमें रक्तदान, स्वच्छता, प्राथमिक सहायता के लिए भी तत्पर रहना चाहिए। जिससे दूसरे व्यक्तियों के जीवन की रक्षा की जा सके।